राकेश पैजवार
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/6027 दिनांकः 18 जुलाई, 2022

सेवा में,

निदेशक/प्रचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर समस्त पाठ्यक्रमों (स्नातक/परास्नातक) के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0/बी0फार्म के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/5978 दिनांक 07 जुलाई, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर के समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0/बी0फार्म पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की की द्वितीय चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें **दिनांक 18 जुलाई, 2022 से दिनांक 24 जुलाई, 2022** के मध्य ऑफ-लाइन मोड़ में आयोजित की सूचना दी गयी थी।

उपरोक्त के सम्बन्ध में ज्ञात हो कि दिनांक 26 जुलाई, 2022 को श्रावण मात्र की महाशिवात्रि के पर्व पर दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दिनांक 20 जुलाई, से 26 जुलाई, 2022 तक काँवड यात्रा में लाखों श्रद्धालु सम्मिलित होने के कारण सम्बन्धित प्रशासन दिल्ली-मेरठ मार्ग जन साधारण के बन्द कर देता है, इसी के दृष्टिगत् छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा दिये निर्देशानुसार कतिपय संस्थानों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें उपरोक्त निर्धारित तिथि/समय के साथ-साथ दिनांक 16 अगस्त, 2022 से दिनांक 20 अगस्त, 2022 तक प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें सम्पन्न कराये जाने का निर्णय लिया गया है तथा अन्य नियम/शर्तो/यथा लागू रहेगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को सूचित कर प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट अंको को ई0आर0पी0 लॉगिन के माध्यम से अपलोड करते हुए प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट अंको की हस्ताक्षरित हार्ड कापी (Spiral Bind) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में **दिनांक 25.08.2022** तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक/अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक